# शहर के चार वार्डों की लाइन में लीकेज के कारण शुद्ध पानी की समस्या

## इंदौर की घटना के बाद रीवा नगर निगम अलर्ट, टीम कर रही पाइप लाइन का निरीक्षण, सीवर से हो रहा नुकसान



नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जनवरी, इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौत के बाद रीवा नगर निगम भी सक्रिय हो गया है. शहर में टीम द्वारा निरीक्षण किया गया और लीकेज पाइप लाइन को दुरूस्त करने की कार्यवाही की गई. शहर के ऐसे चार वार्ड है जहा पेयजल सप्लाई की समस्या है, लीकेज के वजह से शुद्ध पानी पहुंचने में दिक्कत होती है. पहले कुछ देर तक दूषित गंदा पानी आता है उसके कुछ देर बाद पानी कुछ साफ रहता है.**

शहर में कुछ जगह अभी भी पुरानी पाइप लाइन पड़ी है, जिसकी वजह से पेयजल सप्लाई प्रभावित होती है. दूषित पानी की सबसे ज्यादा समस्या वार्ड क्रमांक 11, 12, 15 एवं 16 में है, जहा कुछ हिस्सा प्रभावित है. इन वार्डो में पुरानी पाइप लाइन होने के कारण दिक्कत जा रही है. कई जगह पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है. सीवर आदि के कारण पाइप लाइनो में लीकेज आया है और पानी के रिसाव के साथ मिट्टी आदि पानी मिल जाती है. जिसके कारण प्रदेषित पानी घरो में पहुंचता है. हालाकि नगर निगम चारो वार्डो में पेयजल सप्लाई दुरूस्त करने में लगा है. दरअसल दूषित पानी के पीछे सबसे बड़ी वजह लीकेज है, कई जगह नालियों के बीच पेयजल की पाइप लाइन डाली गई है और लीकेज होने पर नाली का गंदा पानी चला जाता है. सबसे बड़ी समस्या लीकेज को पता लगाना होता है. लीकेज मिलने के बाद मरम्मत कार्य किया जाता है. लेकिन इस बीच गन्दा पानी लोगो के घरो तक पहुंच जाता है. जानकारी के मुताबिक सिरमौर चौराहा के पास पोस्ट आफिस के पीछे स्थित कालोनी, बजरंग नगर, खुटेही, तिलक नगर, इंदिरा नगर, नेहरू नगर, उपवन नगर, आजाद नगर, बरा, पीके स्कूल के पीछे, संजय नगर रतहरा, शारदा पुरम, गुलाब नगर जैसे कई मोहल्ले है जहा पानी की सप्लाई में शुद्धता की कमी है और यहा से अक्सर शिकायते मिलती रहती है. शहर में पेयजल के लिये करोड़ो रूपये खर्च किये गये. पहले मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के दो चरणो में 25-25 करोड़ रूपये खर्च हुए. इसके बाद अमृत प्रथम चरण में 35 करोड़ और अमृत द्वितीय चरण में 193 करोड़ के काम चल रहे है.

### नई पाइप लाइन बिछाने का प्रयास : डा. सौरभ



नगर निगम आयुक्त डा. सौरभ सोनवणे ने बताया कि शहर में शुद्ध पानी की सप्लाई हो रही है. नया सिस्टम डेवलप किया जा रहा है. चार वार्ड ऐसे है जहा पुरानी पाइप लाइन के वजह से लीकेज की समस्या आ रही है. लिहाजा प्रभावित क्षेत्रो में नई पाइप लाइन बिछाने का प्रयास किया जा रहा है जल्द ही समस्या दूर होगी. जहा से भी शिकायत मिलती है टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है.



## वृद्धाश्रम में निवासरत स्वर्गीय रामकरण गुप्ता का पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जनवरी, वृद्धाश्रम में निवासरत स्वर्गीय रामकरण गुप्ता के पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया. उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता का 2 जनवरी को सुबह निधन हो गया था.**

उनके पार्थिव देह को रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल को सौंपा. इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा दधीचि सम्मान के तौर स्वर्गीय गुप्ता को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया.

श्री गुप्ता गत 12 वर्षों से रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित पितामह सदन वृद्धाश्रम में निवासरत रहे. पार्थिव देह को सौंपे जाने के समय सचिव राजेन्द्र पाण्डेय सहित अर्जुन सिंह परमार, डॉ. सुशील त्रिपाठी, डॉ. अजीत सिंह, पीयूष मिश्रा, डॉ. रघुवेन्द्र सिंह, दीपक गुप्ता, विनोद गुप्ता एवं मेडिकल कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे.



### संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने मंदिर के कार्यों का किया निरीक्षण

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन मनकामेश्वर मंदिर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये. उन्होंने मंदिर में भगवान आशुतोष की पूजा अर्चना की तथा प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की. इस दौरान दीप काम्पलेक्स व्यापारी संघ के अध्यक्ष राहुल टंडन आदि मौजूद रहे.

### बैठक आज

**मऊगंज,** मुख्य सचिव द्वारा आगामी 5 जनवरी को ली जाने वाली समीक्षा बैठक के तारतंम्य में कलेक्टर संजय कुमार जैन 3 जनवरी को विभागीय योजनाओं की बैठक लेंगे. कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों को पालन प्रतिवेदन की जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### भ्रूण लिंग जांच की सूचना देने वाले को मिलेंगे दो लाख रुपए

**रीवा,** गर्भस्थ शिशु के लिंग निर्धारण परीक्षण पर पूरी तरह से प्रतिबंध है. शिशु का लिंग निर्धारण परीक्षण करना दण्डनीय अपराध है. भ्रूण लिंग जाँच की सूचना देने वाले को दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि मुखबिर पुरस्कार योजना के तहत दी जाएगी. इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि भ्रूण लिंग जाँच की सूचना देने वालों का नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा. उसकी सूचना के आधार पर प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में चालान प्रस्तुत होते ही एक लाख 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। इसमें 50 हजार रुपए की राशि सूचना देने वाले को, 25 हजार रुपए की राशि पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के जिला नोडल अधिकारी को तथा 50 हजार रुपए की राशि अभियोजन अधिकारी को दी जाएगी. न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर 75 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी. इसमें सूचना देने वाले को 30 हजार रुपए, नोडल अधिकारी को 15 हजार रुपए तथा अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपए की राशि दी जाएगी.

### खौर गाँव में पी आर ए गतिविधि का आयोजन

**रीवा,** खौर गाँव में पी आर ए गतिविधि का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एस.के. त्रिपाठी, के वि के प्रमुख डॉ. ए.के. पांडेय, कोऑर्डिनेटर डॉ. संजय सिंह तथा खौर समूह प्रभारी डॉ. संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. इस पी आर ए प्रक्रिया में गाँव के स्थानीय लोगों की भी सक्रिय सहभागिता रही. कार्यक्रम का संचालन दो समूहों के माध्यम से किया गया, जिनका नेतृत्व वंशिका एवं दीपिका चौहान ने किया. उनके कुशल नेतृत्व में पी आर ए गतिविधियों को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से पूरा किया गया. पी आर ए के दौरान गाँव में उपलब्ध सभी संसाधनों जैसे—खेत, खलिहान, नदी, तालाब, कच्ची एवं पक्की सड़कें, स्कूल, अस्पताल, कॉलेज, ग्राम पंचायत भवन, कुएँ, कृषि भूमि आदि को रंगोली एवं प्राकृतिक सामग्रियों (रेत, गिट्टी, पेड़ों की पत्तियाँ आदि) की सहायता से दर्शाया गया. पूरी गतिविधि को पूर्णतः प्राकृतिक स्वरूप में तैयार किया गया, जिससे ग्रामीण संसाधनों की वास्तविक स्थिति को स्पष्ट रूप से समझा जा सका.

### लीज नवीनीकरण करा कर बचे अर्थदण्ड से

**रीवा,** नगर पालिक निगम रीवा में वेष्ठित पूर्व रीवा सुधार न्यास की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना नेहरू नगर, इंदिरा नगर, यातायात नगर, शोरूम काम्पलेक्स, तानसेन काम्पलेक्स, अम्बेडकर बाजार, कोठी कम्पाउंड, व्यंकट बाजार, गुढ़ चैराहा, हेडगेवार नगर एवं जयप्रकाश नारायण नगर आदि में जिन हितग्राहियो को 30 सितम्बर 1996 तक भूखंड, भवन, दुकान, हॉल, फ्लैट आदि 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, उनका लीज अवधि 30 वर्ष पूर्ण होने के 4 माह पूर्व मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित नियम 2021 के नियम 17 प्रावधान के अन्तर्गत लीज नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य है. नियम में यह भी प्रावधान है कि यदि लीज नवीनीकरण नहीं कराया गया या लीजडीड अनुबंध के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया, तो आवंटन निरस्त कर लीज समाप्त कर दी जावेगी. हितग्राहियों को लीज नवीनीकरण कराने हेतु समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना दी गई है और व्यक्तिगत सूचना भी दी जा रही है. निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने अपील की है कि जिन हितग्राहियों ने लीज नवीनीकरण अभी नहीं कराया है, वह तत्काल नगर निगम कार्यालय रीवा में आवेदन प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही करावें और प्रशमन प्रभार, शास्ति, आवंटन निरस्तगी, लीज समाप्ति जैसी अप्रिय कार्यवाही से बचें. अगर समय पर लीज का नवीनीकरण नही कराया जाता तो कार्यवाही की जाएगी.

# अनुबंध का पंजीयन नहीं कराने पर निरस्त होगा आवंटन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जनवरी, नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व की दुकानें 35 माह के लिए किराए पर आवंटित की जाती है.**

35 माह पश्चात् 15 प्रतिशत किराए में वृद्धि कर इनका नवीनीकरण कर अनुबंध का पंजीयन कराने का प्रावधान है. समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि कई काम्पलेक्स के हितग्राहियों द्वारा नवीनीकरण अनुबंध का पंजीयन नहीं कराया जाता, जिसे निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गंभीरता से लेते हुए यह निर्देशित किया है कि किराए पर आवंटित दुकानों का अनुबंध नवीनीकरण पंजीयन कराया जाय, क्योंकि पंजीयन नहीं कराने से शासन को स्टाम्प शुल्क की क्षति उठानी पड़ रही है. नगर निगम रीवा द्वारा गोलपार्क बस स्टैण्ड, रेवांचल बस स्टैण्ड, खन्ना टॉकीज के सामने, कलेक्ट्रेट के पीछे, सुरूचि काम्पलेक्स, खन्ना चैराहा, कोर्ट के सामने, गौरव काम्पलेक्स गोरहा सब्जी मण्डी, जानकी पार्क, अपना बाजार, सुपर मार्केट, लक्ष्मी मार्केट,परिणय काम्पलेक्स बिछिया, समृद्धि काम्पलेक्स धोबिया टंकी, मड़वास हाउस, बांसघाट, इंदिरा मार्केट कटरा, सब्जी मण्डी प्रकाश परिसर गंगा वाटिका, गांधी काम्पलेक्स, महामृत्युंजय काम्पलेक्स, यातायात नगर में निर्मित दुकाने किराए पर 35 माह के लिए आवंटित हैं और इनमें से जिन हितग्राहियों ने अनुबंध नवीनीकरण एवं पंजीयन नहीं कराया है, उन्हे पूर्व में भी नोटिस दी गई है.



## प्रदूषित पानी से इंदौर में हुई घटना को लेकर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जनवरी, इंदौर में प्रदूषित पानी पीने से 15 लोगों की दर्दनाक मौत के विरोध में शुक्रवार को सिरमौर चौराहे पर युवा कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया.**

जिला अध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्रियों को आम जनता के जीवन और स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं है. यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे प्रदेश में लोग पानी पीने से जान गंवा रहे हैं. इंदौर, जो पूरे देश में स्वच्छता के लिए प्रथम स्थान पर रहता है, उसी इंदौर शहर में भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण पानी की पाइप लाइनों में गंदा और जहरीला पानी सप्लाई किया गया, जिसके कारण निर्दोष नागरिकों की मौत हुई.

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने मांग की है कि पूरे मामले जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाय. नही तो प्रदेश भर में आंदोलन होगा. पुतला दहन में प्रदेश महासचिव प्रमोद पटेल, जिला महासचिव नीरज यादव, सद्दाम चौहान, विधानसभा अध्यक्ष रोहित यादव, सेमरिया विधानसभा अध्यक्ष विष्णु सिंह, रायपुर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत विश्वकर्मा, बांकुइयां ब्लॉक अध्यक्ष रवि रावत मौजूद रहे.



खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करती अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी

## सम्पत्तिकर जमा करने में 54 प्रतिशत छूट का लाभ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जनवरी, वित्तीय वर्ष 2025-2026 का सम्पत्ति कर जमा करने पर माह जनवरी 2025 में 4 प्रतिशत मूल सम्पत्तिकर पर छूट दी जा रही है.**

नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत ऐसे भवन, भूमिस्वामी जो वित्तीय वर्ष 2025-2026 का सम्पत्तिकर जमा नहीं किए हैं, वह माह जनवरी 2026 में 4 प्रतिशत छूट के साथ जमा कर सकते हैं. साथ ही ऐसे भवनस्वामी जो स्वयं निवास करते हैं उन्हे 50 प्रतिशत सम्पत्तिकर में छूट दी जा रही है. गौरतलब है कि दोनो छूट मिलाकर माह जनवरी में 54 प्रतिशत की छूट मूल सम्पत्तिकर पर भवनस्वामियो को दी जा रही है. साथ ही ऐसे भवनस्वामी जिन्होने वर्ष 2024-25 तक का सम्पत्तिकर जमा नहीं किया है, वह शीघ्र राशि जमा करें, अन्यथा उनके भवन/ प्रतिष्ठान में तालाबन्दी/ कुर्की की भी कार्यवाही की जावेगी. किसी को बक्सा नही जाएगा.

# अब तक जिले में 3 लाख 39 हजार टन धान की हुई खरीद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जनवरी, जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है. जिले में 2 जनवरी तक 55198 किसानों से 3 लाख 39 हजार 559 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है.**

अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 65043 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं. कुल खरीदे गए धान में से 2 लाख 39 हजार 472 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है. कुल खरीदी में से 3 लाख 16 हजार 760 टन धान परिवहन के लिए तैयार है. अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 88 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं. किसानों को 804 करोड़ 49 लाख का भुगतान मंजूर किया गया है तथा 444 करोड़ 75 लाख रुपए का किसानों के बैंक खाते में भुगतान किया जा चुका है. उपार्जन 20 जनवरी तक होगा.

### खरीदी केन्द्रों का एडीएम ने किया निरीक्षण

जिले भर में 96 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है. राजस्व तथा अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं. इस क्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने खरीदी केन्द्र बरहुला, रिमारी, जवा तथा खरीदी केन्द्र लूक कोनी का निरीक्षण किया. अपर कलेक्टर ने कहा कि उपार्जित धान का व्यवस्थित भण्डारण कराएं. खरीदी केन्द्र प्रभारी धान का परिवहन कराकर गोदामों में पहुंचाएं. गोदामों में धान पहुंचने के बाद ही स्वीकृति पत्र जारी होता है, जिसके बाद किसानों को भुगतान किया जाता है. परिवहन में देरी से किसानों को भुगतान में देरी होगी.

# जिला पंचायत उप चुनाव में मृत्युंजय मिश्रा 1275 मतों से विजयी

नवभारत न्यूज

**गढ़, 2 जनवरी, जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 16 में उप चुनाव की मतगणना गंगेव बालक हायर सेकेंड्री स्कूल में सम्पन्न हुई.**

जहा 1275 मतो से मृत्युंजय मुन्ना मिश्रा खैरा ने जीत दर्ज की. 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, बतादें कि यह उपचुनाव अश्वनी प्रसाद मिश्रा उर्फ मुन्ना खैरा के निधन के बाद सीट रिक्त हुई थी. जहा उनके पुत्र मृत्युंजय ने अपने पिता की सीट जीत ली. मृत्युंजय ने अपने निकटत प्रतिद्वंदी अनिल सिंह को पीछे करते हुए सफलता हासिल की है. यह चुनाव दलीय आधार पर नही लड़ा गया. विजयी प्रत्याशी मृत्युंजय ने जीत का श्रेय वार्ड क्रमांक 16 के मतदाताओं को दिया. चुनाव मैदान में दस प्रत्याशी थे लेकिन मतदाताओं ने अपना रूझान मृत्युंजय मुन्ना खैरा की तरह दिखाया. कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह से मतगणना हुई



| उम्मीदवार | प्राप्त मत |
|---|---|
| मृत्युंजय मुन्ना खैरा | 4094 |
| अनिल सिंह | 2819 |
| रामनिवास गौतम | 2522 |
| राकेश पटेल | 2199 |
| शैलेन्द्र सिंह | 2005 |
| योगेन्द्र बहादुर | 1896 |
| रोहित पटेल | 1604 |
| चंद्रप्रकाश तिवारी | 1551 |
| कल्पना रावत | 1353 |
| संगीता पटेल | 291 |
| **नोटा** | **265** |

## आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर व्याख्यानमाला आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जनवरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा रीवा के कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में अपरान्ह 3:30 बजे से 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है.**

मुख्य वक्ता रीवा विभाग के विभाग प्रचारक हरिनारायण होंगे. कार्यक्रम संयोजक एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला रीवा के अध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने बताया कि व्याख्यानमाला के साथ ही संघ साहित्य:चिंतन प्रवाह के बारे में अखिल भारतीय साहित्य परिषद महाकौशल के प्रान्त अध्यक्ष प्रो. राकेश सोनी उद्बोधन देंगे. इसके अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अखिल भारतीय सह कोषाध्यक्ष कमलाकान्त गर्ग का सम्मान भी किया जाएगा. सभी से पहुंचने की अपील की गई है.

### वीडियो कान्फ्रेंसिंग 5 को

**रीवा, 2 जनवरी,** मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण में पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक अब 5 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है. कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत करे.

# एक ही रात में आधा दर्जन दुकानों के ताले टूटे, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जनवरी, रीवा जिले के गढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौती में बीती रात अराजक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया.**

1 और 2 जनवरी की दरमियानी रात लगभग 1:00 बजे, चार से पांच की संख्या में आए अज्ञात नकाबपोश चोरों ने सिलसिलेवार तरीके से आधा दर्जन दुकानों को अपना निशाना बनाया. हालांकि, आधुनिक सुरक्षा तकनीक (सेंटर लॉक) के कारण चोर बड़ी वारदात को अंजाम देने में असफल रहे. प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकानों के मुख्य ताले तो तोड़ दिए थे, लेकिन शटर में लगे 'सेंटर लॉक' को नहीं काट पाए. काफी मशक्कत के बाद भी जब शटर नहीं खुला, तो चोरों को खाली हाथ भागना पड़ा. शुक्रवार सुबह जब घटना की जानकारी हुई, तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया. पीड़ित दुकानदारों ने तत्काल गढ़ थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है. रिपोर्ट दर्ज कराने वालों में संतोष उपाध्याय, भीमसेन गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, दिनेश गुप्ता, प्रवीण चतुर्वेदी, ऋषि पटेल, श्रवण गुप्ता शामिल है. सभी दुकानदार इस घटना के बाद से अपनी दुकानो को लेकर ड़रे हुए है.

### संदेही स्कूटी बरामद

स्थानीय ग्रामीणों की सजगता से चोरी के प्रयास में उपयोग की जा रही एक संदिग्ध स्कूटी को पकड़े जाने की सूचना है. ग्रामीणों का आरोप है कि हिनौती क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अराजक तत्वों का बोलबाला बढ़ गया है, जिससे व्यापारियों में भय का माहौल है. गढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बरामद स्कूटी के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. स्थानीय व्यापारियों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है.